प्रेषक, संख्या 118 /नि0स0/सचिव (प्र0)/चि0स्वा0/2020

डॉ0 पंकज कुमार पाण्डेय,
सचिव (प्रभारी),
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

समस्त जिला अधिकारी,
उत्तराखण्ड।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण देहरादून, दिनाँक : 04 मार्च, 2020

विषय – कोरोना वायरस COVID-19 रोकथाम हेतु नोडल अधिकारी नामित किए जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक जैसा कि आप विदित है कि कोरोना वायरस संक्रमण एक अन्तर्राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य समस्या के रूप में परिलक्षित हो रहा है। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निरन्तर कोरोना वायरस संक्रमण की स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है व समीक्षा की जा रही है, परन्तु वर्तमान स्थिति के दृष्टिगत इस संक्रमण के पूर्ण नियंत्रण हेतु निरन्तर कार्यवाही/अनुश्रवण करते रहना अति आवश्यक है। इसी क्रम में सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 03 मार्च 2020 को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से निर्देशित किया गया है कि कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव व रोकथाम हेतु जनपद स्तर पर संचालित गतिविधियों के अनुश्रवण हेतु जिला अधिकारियों को नोडल ऑफिसर बनाया जाए।

उपरोक्त के क्रम में उत्तराखण्ड राज्य के समस्त जनपदो में कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव व रोकथाम हेतु संचालित गतिविधियों के संचालन एवं अनुश्रवण हेतु जिला अधिकारियों को नोडल ऑफिसर नामित किया जाता है।

अतः आपसे अपेक्षा है कि कृपया अपने स्तर से सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए विभागों तथा अन्य पंचायतीराज संस्थाओं एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से कोरोना वायरस के संकमण से बचाव हेतु आवश्यक कार्यवाही तथा दैनिक अनुश्रवण करें एवं प्रतिदिन कृत कार्यवाही/अनुश्रवण रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड, देहरादून को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(डॉ पंकज कुमार पाण्डेय)
सचिव (प्रभारी)

संख्या 118 /नि0स0/सचिव (प्र0)/चि0स्वा0/2020, तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन महोदय के अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
3. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड।
4. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड।
5. प्रभारी अधिकारी आई0डी0एस0पी0।
6. मुख्य चिकित्साधिकारी समस्त जनपद उत्तराखण्ड को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्तानुसार जिला अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव व रोकथाम हेतु जनपद स्तर पर संचालित गतिविधियों की दैनिक रिपोर्ट अनुश्रवण हेतु स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय को प्रेषित की जाये।

(डॉ पंकज कुमार पाण्डेय)
सचिव (प्रभारी)

Scanned by CamScanner